संख्या-315/2021/169आ/23-11-2021-1/2(129)/2019

प्रेषक,

राजेश कुमार पाण्डेय
अनु सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

प्रमुख अभियन्ता (विकास) एवं विभागाध्यक्ष,
लोक निर्माण विभाग,
उ0प्र0 लखनऊ।

लोक निर्माण अनुभाग-11 लखनऊ:: दिनांक:: 25 मार्च, 2021

विषय:- वित्तीय वर्ष 2020-21 में दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्रो में चिन्हित ब्लैक स्पाट का सुधार, सौन्दर्यीकरण तथा विभिन्न सुरक्षा सम्बन्धी कार्य योजनान्तर्गत विभिन्न जनपदो के 37 कार्यो की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक मुख्य अभियन्ता (मु0-1), लोक निर्माण विभाग, लखनऊ के पत्र संख्या- 34/01रोड सेफ्टी/2020, दिनांक 29-01-2021, पत्र संख्या-164/रोड सेफ्टी/2020, दिनांक 26-10-2020, पत्र संख्या-49/01 रोड सेफ्टी /2021, दिनांक 15-02-2021 एवं पत्र संख्या-70/01रोड सेफ्टी /2021, दिनांक 01-03-2021 के सन्दर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्रो में चिन्हित ब्लैक स्पाट का सुधार, सौन्दर्यीकरण तथा विभिन्न सुरक्षा सम्बन्धी कार्य योजनान्तर्गत अधोलिखित तालिका में उल्लिखित विभिन्न जनपदो के 37 कार्यो की कुल लागत रू0 4789.22 लाख (रू0 सैंतालिस करोड़ नवासी लाख बाईस हजार मात्र) की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान करते हुए लागत के सापेक्ष रू0 406.98 लाख (रू0 चार करोड़ छः लाख अटठान्बे हजार मात्र) की धनराशि वित्तीय वर्ष 2020-21 में अवमुक्त किये जाने की निम्नलिखित शर्तो/प्रतिबन्धों के अधीन श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते है:-

(धनराशि लाख रू0 में)

क्रमांक	जनपद/ खण्ड का नाम	कार्य का नाम	कुल लागत	अवमुक्त धनराशि
1	2	3	4	5
1	मथुरा,0ख0	जनपद मथुरा में गोवर्धन मार्ग (गोवर्धन ड्रेन) पर दोनों ओर क्रैश बैरियर का कार्य।	398.46	30.00
2	लखनऊ प्रा0ख0	जनपद लखनऊ के विभिन्न मार्गों पर सड़क सुरक्षा के अन्तर्गत स्पीड टेबल टॉप, थर्मोप्लास्टिक पेन्ट द्वारा रोड मार्किंग, डिवाइडर की मरम्मत, इन्फारमेट्री साइन बोर्ड, लीनियर डेलिनेटर सिस्टम, फ्लेक्सिबल मेडियन मार्कर, रेज़्ड पेवमेन्ट मार्कर, रोड डेलिनेटर, रेलिंग रिपेयर, फुटपाथ मरम्मत, एएफपी फिक्सिंग, कैन्टीलीवर, पेंटिंग आदि का कार्य	179.69	15.00
3	मेरठ नि0ख0 भवन	जनपद मेरठ में ज्वालागढ़ चौराहा से रार्धना पुल (अ0जि0मा0) के चैनेज 9.250 से चैनेज 13.250 तक मार्ग के बायीं तरफ क्रेश बैरियर द्वारा सड़क सुरक्षा का कार्य।	121.06	10.00
4	हापुड प्रा0ख0	जनपद हापुड़ के राज्य मार्ग/प्रमुख जिला मार्ग एवं अन्य जिला मार्गों पर अधिकतम गति सीमा निबंधन के बोर्ड (होर्डिंग) लगाने का कार्य।	98.76	7.00
5	मैनपुरी प्रा0ख0	जनपद मैनपुरी में राज्य मार्ग/प्रमुख जिला मार्ग/शहरी मार्ग एवं महत्वपूर्ण अन्य जिला मार्गों पर मार्ग सुरक्षा के अन्तर्गत गति सीमा निबंधन के बोर्ड लगाये जाने का कार्य।	147.88	10.00
6	फिरोजाबाद नि0ख0	जनपद फिरोजाबाद में राज्य मार्ग/प्रमुख जिला मार्ग/शहरी मार्ग एवं महत्वपूर्ण अन्य जिला मार्गों पर मार्ग सुरक्षा के अन्तर्गत गति सीमा निबंधन के बोर्ड लगाये जाने का कार्य।	107.61	8.00
7	आगरा नि0ख0-2	जनपद आगरा में परिवहन विभाग द्वारा अनुमोदित विभिन्न मार्गों पर गति सीमा निबंधन बोर्ड (होर्डिंग) लगाये जाने का कार्य।	23.24	5.00
8	लखीमपुर खीरी नि0ख0-1	जनपद लखीमपुर खीरी में बिलरांया पनवारी मार्ग रा0मा0 21, सिसैया धौरहरा निघासन पलिया धनौराघाट पूरनपुर मार्ग रा0मा0 101, लखीमपुर शारदानगर ढकेरवा मार्ग प्र0जि0मा0 75सी, सिसैया ईसानगर कटौली मार्ग अ0जि0मा0 पर गति निर्धारित स्पीड बोर्ड लगाने का कार्य।	14.93	3.00
9	अलीगढ़ नि0ख0	जनपद अलीगढ़ में सड़क सुरक्षा के अन्तर्गत राज्य मार्ग/प्रमुख जिला मार्ग/अन्य जिला मार्ग पर गति सीमा निबंधन रेट्रो-रिफलैक्टिव साइन बोर्ड एवं क्रैश बैरियर लगाने का कार्य।	144.17	10.00

shasanadesh.up.nic.in

10	भदोही प्रा0ख0	जनपद भदोही में सड़क दुर्घटना में कमी लाने के दृष्टिगत गति सीमा निबंधन के बोर्ड होर्डिंग लगाये जाने का कार्य।	27.14	5.00
11	मिरजापुर प्रा0ख0	जनपद मीरजापुर में मार्गों पर सड़क दुर्घटना में कमी लाने के दृष्टिगत गति सीमा निबंधन के बोर्ड (होर्डिंग) लगाये जाने का कार्य।	9.05	2.00
12	सोनभद्र प्रा0ख0	जनपद सोनभद्र में मार्गों पर सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाये जाने के दृष्टिगत गति सीमा निबंधन के बोर्ड (होर्डिंग) लगाये जाने का कार्य।	57.27	6.00
13	फतेहपुर प्रा0ख0	जनपद फतेहपुर में मार्गों पर सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाये जाने के दृष्टिगत गति सीमा निबंधन के बोर्ड (होर्डिंग) लगाये जाने का कार्य।	123.81	8.00
14	कासगंज प्रा0ख0	जनपद कासगंज के अन्य जिला मार्ग/प्र0जि0मा0/रा0मा0 श्रेणी के मार्गों पर यान की श्रेणी के अनुसार अधिकतम गति सीमा स्पीड लिमिट निबंधित निर्धारित करने हेतु साइन बोर्ड का कार्य।	8.52	1.00
15	मैनपुरी नि0ख0	जनपद मैनपुरी में मार्ग सुरक्षा के अन्तर्गत र0मा0/प्र0जि0मा0/शहरी मार्ग एवं महत्वपूर्ण अन्य जिला मार्गों पर गति सीमा निबंधन के बोर्ड लगाये जाने का कार्य।	21.84	4.00
16	फिरोजाबाद नि0ख0-2	जनपद फिरोजाबाद में मार्गों पर सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाये जाने के दृष्टिगत गति सीमा निबंधन (स्पीड लिमिट) के बोर्ड लगाये जाने का कार्य।	38.22	5.00
17	अमरोहा प्रा0ख0	जनपद अमरोहा में चेतन चौहान मार्ग (अ0जि0मा0) पर सड़क सुरक्षा कार्य के अन्तर्गत हज़ार्ड मार्कर, कैट आईज, रिपीटेड बार मार्किंग, थर्मोप्लास्टिक पेंट द्वारा सेन्टर लाईन, ऐज लाईन एवं जेब्रा क्रासिंग, केनटीलीवर बोर्ड, टेबिल टॉप स्पीड ब्रेकर बनाने का कार्य।	62.21	6.00
18	लखनऊ प्रा0ख0	जनपद लखनऊ में मार्ग सुरक्षा के अन्तर्गत जेल रोड पर डिवाइडर मरम्मत तथा ट्यूबलर मार्क फिक्सिंग के कार्य।	11.27	3.00
19	सहारनपुर नि0ख0-3	जनपद सहारनपुर में मार्गों पर चिन्हित ब्लैक स्पॉट पर ट्रैफिक कालमिंग तथा अन्य सड़क सुरक्षा कार्य।	146.84	7.00
20	बहराईच नि0ख0-1	बहराईच-फैजाबाद-आजमगढ़ (राज्य मार्ग 30) पर ट्रक ले और पार्किंग का कार्य। (2 नं0 ट्रक ले बाई एवं 1 नं0 पार्किंग)	418.74	37.00
21	बहराईच प्रा0ख0	बहराईच-सीतापुर मार्ग (राज्य मार्ग 30बी) के किमी0 18 व किमी0-25 मे ट्रक ले बाई का निर्माण कार्य (2 नं0 ट्रक ले बाई)	189.65	15.00
22	अम्बेडकरनगर प्रा0ख0	मया-टाण्डा मार्ग (राज्य मार्ग 30ए) के किनारे ट्रक ले-बाई/पार्किंग का निर्माण कार्य। (3 नं0 ट्रक ले बाई)	298.39	26.00
23	आगरा नि0ख0-2	जनपद आगरा में चन्दौसी आगरा तातपुर कोट मार्ग राज्य मार्ग सं0 29 के किमी0 236 में ट्रक ले बाई का निर्माण कार्य। (1 नं0 ट्रक ले बाई)	51.14	6.00
24	हरदोई नि0ख0-1	जनपद हरदोई में हरदोई-बावन-सवायजपुर (राज्य मार्ग सं0 29), हरदोई साण्डी मार्ग (अन्य जिला मार्ग), बिलग्राम-साण्डी-अल्लागंज मार्ग (राज्य मार्ग सं0 138), शाहाबाद पिहानी मार्ग (अन्य जिला मार्ग) एवं बिलराया-पनवारी मार्ग (राज्य मार्ग सं0 21) के ट्रक ले बाई का निर्माण कार्य। (5 नं0 ट्रक ले बाई)	281.71	25.00
25	कानपुर नगर नि0ख0 भवन	लखनऊ इटावा मार्ग (एस0एच0-40) के किमी0 98(800) से 99(375) में ट्रक ले बाई का निर्माण कार्य। (1 नं0 ट्रक ले बाई)	130.66	9.00
26	कानपुर नगर नि0ख0 भवन	लखनऊ झाँसी मार्ग के किमी0 92 में ट्रक ले बाई का निर्माण कार्य। (1 नं0 ट्रक ले बाई)	88.95	7.00
27	रामपुर प्रा0ख0	रामपुर-स्वार-बाजपुर मार्ग (प्र0जि0मा0 29) (नव सृजित राज्य मार्ग-144) के किमी0 16, 31 व 40 पर ट्रक ले बाई निर्माण का कार्य।(3 नं0 ट्रक ले बाई)	279.53	20.00
28	रामपुर प्रा0ख0	मुरादाबाद-टाण्डा-दढियाल मार्ग(प्र0जि0मा0-65) के किमी0 30 में ट्रक ले बाई एवं किमी0 38 में पार्किंग का निर्माण कार्य। (1 नं0 ट्रक ले बाई एवं 1 नं0 पार्किंग)	91.55	8.00
29	झांसी नि0ख0-3	रोड सेफ्टी के अन्तर्गत दबोह-पूछ-गुरसराय- टीकमगढ़ मार्ग राज्य मार्ग 131 के किमी0 26 में ट्रक ले बाई का निर्माण कार्य। (1 नं0 ट्रक ले बाई)	142.07	15.00
30	फतेहपुर प्रा0ख0	बहराईच बांदा मार्ग से एस0एच0 13 का निष्कासित भाग एन0एच0 2 से बाकरगंज तक अ0जि0मा0 पर एस0सी0आई0 गोदाम के पास सर्विस लेन (ट्रक ले बाई) एवं नाले के पुल का निर्माण कार्य। (1 नं0 ट्रक ले बाई)	355.25	26.91
31	आगरा नि0ख0-2	जनपद आगरा में फिरोजाबाद फतेहाबाद सैंया खेरागढ़ अछनेरा नवघोषित राज्य मार्ग सं0 143 मार्ग के चैनेज 45.835 से 78.235 तक विभिन्न साइन बोर्ड, किमी0/हैमी0 स्टोन की रंगाई पुताई व लिखाई तथा पुल/पुलियों की रंगाई पुताई का कार्य।	61.62	8.00
32	ललितपुर प्रा0ख0	देवगढ़-ललितपुर-टीकमगढ़ के किमी0 32.150 से 53.800 राज्य मार्ग सं0 132 में साइनेज एवं किमी0 स्टोन इत्यादि की स्थापना का कार्य।	1.07	1.07
33	सोनभद्र नि0ख0-2	कलवारी राबर्टसगंज खलियारी (राज्य मार्ग सं0 154) के किमी0 62.32 से 94.32 तक कॉशन बोर्ड, इण्डिकेशन बोर्ड, शेवरन, डेलीनेटर, हजार्ड मार्कर, जेब्रा क्रासिंग आदि लगाने का कार्य।	78.20	9.00
34	सोनभद्र प्रा0ख0	कलवारी राबर्टसगंज खलियारी (राज्य मार्ग सं0 154) के किमी0 5.62 से 62.32 तक किमी0/हेमी0, कैन्टीलीवर बोर्ड, स्पीड टेबल, कैट आईस, डेलीनेटर, साइन बोर्ड, क्रैस बैरियर, थर्मोप्लास्टिक पेन्ट से साइड लाइन, सेन्टर लाइन एवं साइन बोर्ड, जेब्रा क्रासिंग आदि का कार्य	81.52	8.00
35	अलीगढ़ प्रा0ख0	जनपद अलीगढ़ में आने वाले प्रमुख जिला मार्ग/ राज्य मार्ग/ अन्य जिला मार्गों पर रोड सेफ्टी के अन्तर्गत स्पीड साइन बोर्ड लगाने का कार्य।	53.58	5.00
36	चन्दौली नि0ख0	जनपद चन्दौली में मोहनसराय, वाराणसी मुगलसराय, चकिया मार्ग (रा0मा0सं0-120) के किमी0-46 से 55 तक रम्बल स्ट्रीप, स्पीड ब्रेकर, कैट आई एवं साईन	26.87	4.00

		बोर्ड इत्यादि का कार्य।		
37	सीतापुर प्रा0ख0	जनपद सीतापुर के विकास खण्ड रेउसा में स्थित रेउसा चौराहे का अटल चौक के रूप में सौन्दर्यीकरण व विकास कार्य।	416.75	32.00
योग:-			4789.22	406.98

(1) प्रश्नगत कार्य प्रारम्भ करने से पूर्व वित्तीय हस्तपुस्तिका, खण्ड-6 के अध्याय-12 के प्रस्तर-318 में वर्णित व्यवस्था के अनुसार प्रायोजना पर सक्षम स्तर से तकनीकी स्वीकृति अवश्य प्राप्त कर ली जाय तथा सक्षम स्तर से तकनीकी स्वीकृति प्राप्त होने के पश्चात् ही कार्य किया जाय।

(2) कार्य की विशिष्टियां, मानक व गुणवत्ता की जिम्मेदारी सम्बन्धित मुख्य अभियन्ता की होगी। सम्बन्धित मुख्य अभियन्ता द्वारा प्रयोजना का निर्माण कार्य ससमय पूर्ण कराया जाना सुनिश्चित किया जायेगा।

(3) स्वीकृत धनराशि का व्यय वित्तीय हस्त-पुस्तिका के सुसंगत प्राविधानों, समय-समय पर शासन द्वारा निर्गत शासनादेशों के अनुरूप किया जायेगा।

(4) स्वीकृत धनराशि एकमुश्त न आहरित कर कार्य की आवश्यकतानुसार आहरित कर व्यय की जायेगी तथा आहरित धनराशि बैंक/डाकघर में न रखी जाय। प्रश्नगत स्वीकृति जिस कार्य/मद के लिए है उसी कार्य/मद पर व्यय प्रत्येक दशा में किया जायेगा।

(5) यह सुनिश्चित किया जाय कि स्वीकृत किये जा रहे इस कार्य हेतु पूर्व में राज्य सरकार अथवा किसी अन्य स्रोत से धनराशि स्वीकृत तो नहीं की गयी है तथा न ही यह कार्य किसी अन्य कार्य योजना में सम्मिलित है।

(6) अधिष्ठान व्यय की धनराशि समय-समय पर स्वीकृत/आवंटित की जा रही धनराशि के सापेक्ष जमा की जायेगी। निर्माण कार्य की अवशेष लागत पर अधिष्ठान व्यय की धनराशि वित्त (लेखा) अनुभाग-2 के शासनादेश सं0 ए-2-23/दस-2011-17(4)/75, दिनांक 25.01.2011 के साथ पठित शासनादेश सं0-ए-2-1606/दस-2014-17(4)/75, दिनांक 11 नवम्बर, 2014 द्वारा जारी विस्तृत दिशा-निर्देशों के अनुसार कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी तथा उक्त शासनादेश दिनांक 25.01.2011 के संलग्नक में प्रदर्शित सम्बन्धित विभाग के प्राप्ति लेखाशीर्ष में ट्रान्सफर इन्ट्री द्वारा क्रेडिट किया जायेगा। लेखा शीर्षक "1054-सड़क तथा सेतु-800-अन्य प्राप्तियां-01 प्रतिशतता प्रभारों की वसूली" में जमा की जायेगी।

(7) लेबर सेस की धनराशि इस शर्त के अधीन होगी कि श्रम विभाग को उक्त धनराशि का नियमानुसार भुगतान किया जायेगा।

(8) मूल्य ह्रास निधि चार्जेज की धनराशि सुसंगत लेखाशीर्षक में नियमानुसार जमा करायी जायेगी।

(9) प्रायोजना प्रस्ताव में 12 प्रतिशत जी0एस0टी0 की धनराशि अनुमन्य कर दी गयी है। यह सुनिश्चित किया जाय कि प्रायोजनान्तर्गत विभिन्न कार्यमदों में जी0एस0टी0 सम्मिलित न हो।

(10) विभागीय प्रायोजना रचना एवं मूल्यांकन समिति द्वारा लगाई गयी शर्तों का पूर्णतः अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

(11) प्रायोजनान्तर्गत प्रस्तावित कार्यो की मात्राओं को यथावत मानते हुए मात्र दरों के आधार पर परीक्षण किया गया है। मात्राओं को निर्माण के समय सुनिश्चित किये जाने का पूर्ण उत्तरदायित्व कार्यदायी संस्था/विभाग का होगा।

(12) विभाग द्वारा नियमानुसार समस्त आवश्यक वैधानिक अनापत्तियां एवं पर्यावरणीय क्लियरेन्स सक्षम स्तर से प्राप्त करने का उत्तरदायित्व विभाग/कार्यदायी संस्था का होगा।

(13) प्रस्तावित कार्य की द्विरावृत्ति (डुप्लीकेसी) को रोकने की दृष्टि से प्रायोजना की स्वीकृति से पूर्व विभाग द्वारा सुनिश्चित किया जायेगा कि यह कार्य पूर्व किसी अन्य योजना/कार्यक्रम के अन्तर्गत न तो स्वीकृत है और न वर्तमान में किसी अन्य योजना/कार्यक्रम में आच्छादित किया जाना प्रस्तावित है।

(14) प्रश्नगत निर्माण कार्य हेतु कार्यदायी संस्थाओं को दो-दो माह की आवश्यकतानुसार धनराशि निर्गत की जाय। विभागाध्यक्ष/कार्यालयाध्क्ष में तैनात वित्त नियंत्रक का यह उत्तदायित्व होगा कि धनराशि का कोषागार से आहरण दो-दो माह की आवश्यकतानुसार ही किया जाय। कार्यदायी संस्था द्वारा पूर्व में दी गयी धनराशि के 80 प्रतिशत का उपयोग करने के उपरान्त अगले दो माह के लिए पुनः आवश्यक धनराशि कोषागार से आहरित करके दी जाय।

(15) वित्त (आय-व्यय) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-1/2020/बी0-1-149/दस-2020-231/2020, दिनांक 24.03.2020 में दिये गये निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जाय।

shasanadesh.up.nic.in

2- प्रश्नगत कार्य पर होने वाला व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2020-21 में अनुदान सं0-58 के लेखाशीर्षक-5054-सड़कों तथा सेतुओं पर पूंजीगत परिव्यय-04-जिला तथा अन्य सड़कें-337-सड़क निर्माण कार्य-14-दुर्घटना बाहुल्य क्षेत्रो में चिन्हित ब्लैक स्पाट का सुधार, सौन्दर्यीकरण तथा विभिन्न सुरक्षा सम्बन्धी कार्य-24-वृहत् निर्माण कार्य के नामे डाला जायेगा।

3- यह आदेश वित्त विभाग के अशासकीय सं0-ई-8-875/दस-21, दिनांक 25 मार्च, 2021 में प्राप्त उनकी सहमति से जारी किया जा रहा है।

भवदीय,

(राजेश कुमार पाण्डेय)
अनु सचिव।

संख्या-315/2021/169आ(1)/23-11-2021, तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1- निजी सचिव, मा0 उप मुख्यमंत्री, लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0 शासन।
2- महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0 प्रयागराज।
3- महालेखाकार (लेखा-परीक्षा) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0 प्रयागराज।
4- सम्बन्धित मण्डलायुक्त/जिलाधिकारी।
5- निदेशक, स्थानीय निधि, लेखा परीक्षा विभाग, उ0प्र0 प्रयागराज।
6- वित्त नियंत्रक, लोक निर्माण विभाग, लखनऊ।
7- मुख्य अभियन्ता (मु0-1), लोक निर्माण विभाग, लखनऊ।
8- सम्बन्धित मुख्य अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग।
9- वित्त व्यय (नियंत्रण) अनुभाग-8/वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1,उ0प्र0 शासन।
10- राज्य योजना आयोग-1/2, उ0प्र0 शासन।
11- अधीक्षण अभियन्ता नियोजन/परियोजना, लोक निर्माण विभाग, लखनऊ।
12- लोक निर्माण अनुभाग-1/9/10/12 एवं 14, उ0प्र0 शासन।
13- डाटा सेल, लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0 शासन।
14- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(राजेश कुमार पाण्डेय)
अनु सचिव।

Shasanadesh.up.nic.in